अपने ईबीएलआर के माध्यम से वर्ष के दौरान रेपो दर में कटौती को भी पूरी तरह से प्रसारित किया था।

एएलएम से संबंधित विनियामक रिपोर्ट/रिटर्न के स्वचालन के साथ, आपका बैंक तरलता और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन के संबंध में निगरानी और अनुपालन में बेहतर स्थिति में है।

8. सदाचार एवं व्यवसाय आचरण

आपके बैंक ने वर्ष 2017 में सदाचार और व्यवसाय आचरण वर्टिकल की स्थापना की थी। इसका मूल उद्देश्य था बैंक के परिचालन तंत्र में नैतिकता को और अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से एकीकृत करना। पूरे भारतीय बैंकिंग और सार्वजनिक क्षेत्र के परिदृश्य में यह एक प्रमुख पहल था। यह पहल अखंडता और आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए आपके बैंक की मजबूत प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण था। एक छोटी सी पहल से शुरू हुआ यह प्रयास, समयांतर में एक मजबूत, व्यापक और एक प्रभावी संगठनात्मक नैतिकता ढांचे में परिवर्तित हो गया है। स्थापना के बाद से ही, आपके बैंक का सदाचार और व्यवसाय आचरण वर्टिकल कई पहलों और कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है। अब तक की प्रमुख सदाचार पहलों की प्रमुख बातें इस प्रकार हैं- कर्मचारी अपेक्षाओं और बदलते समय के अनुरूप आपके बैंक के लक्ष्य, ध्येय और मूल्यों का निर्माण, व्यक्तिगत और संस्थागत दोनों स्तर पर बुनियादी मार्गदर्शक सिद्धांतों को परिभाषित करना। बैंक के मूल मूल्य वह बुनियाद थे जिनको आधार बनाकर बैंक की आचार संहिता का विचार और डिजाइन किया गया था। आज, अपने मूल्यों एवं संहिता पर आधारित बैंक की संपूर्ण व्यवसाय आचरण नीति से सभी स्तरों पर उन्नत आचरण मानदंडों का प्रचार-प्रसार हो रहा है।

यद्यपि सदाचार कार्यक्रम ज्यादातर तकनीकी रूप से संचालित है, फिर भी डिजिटल का लाभ उठाने के लिए, हाल ही के दिनों में सदाचार वेबसाइट का विकास और संचालन, व्यवसाय आचरण और अनुशासन प्रबंधन ऑनलाइन प्रसंस्करण पोर्टल तथा डैशबोर्ड और गरिमा- यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल जैसी प्रमुख पहलों को शुरू और संपूर्ण किया गया है। विभिन्न नीतियाँ जो कर्मचारी के नैतिक व्यवहार जैसे कि उपहार एवं मनोरंजन, सोशल मीडिया आदि पर प्रभाव डाल सकती हैं, बैंक में नियमित रूप से इनकी समीक्षा की गई है, अद्यतन और परिचालित किया गया है।

अध्यक्ष द्वारा नीति दिशानिर्देशों का विमोचन

अपने महिला कर्मचारियों के लिए एक समावेशी, सुरक्षित और एक उच्च विश्वसनीय कार्यस्थल विकसित करने के प्रति आपके बैंक की प्रतिबद्धता गरिमा (पीओएसएच) कार्यप्रणाली से अभिप्रेरित है। इस दिशा में, कई गतिविधियां शुरू की गई हैं जो लैंगिक संवेदनशीलता और यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों पर संपूर्ण प्रक्रिया चक्र-शिक्षा, वृद्धि और सशक्तिकरण शामिल हैं। परिणाम प्रबंधन के क्षेत्र में, कार्य प्रगति की समीक्षा की गई है, सुव्यवस्थित किया गया है तथा निष्पक्ष, तेज और अधिक कुशल अनुशासन प्रबंधन संरचना को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार पुनर्रचना भी की गई है। परिणामस्वरूप, नैतिक अपराधों को पर्याप्त तत्परता के साथ और पारदर्शी तरीके से निपटाया जाना सुनिश्चित किया गया है, जो किसी भी संगठन में नैतिक संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रमुख आवश्यकताओं में से एक है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 का अधिकांश समय वैश्विक महामारी के कारण उत्पन्न रुकावटों से भरा रहा। तथापि, पिछले वर्षों में सभी कार्य क्षेत्रों में डिजिटल प्लेटफार्मों के निरंतर एकीकरण से बने परिचालन लचीलेपन ने यह सुनिश्चित किया है कि सदाचार एवं व्यवसाय आचरण विभाग की संपूर्ण गतिविधियां पूर्व-कोविड समय की तरह ही अप्रभावित और निर्बाध रूप से जारी रहे। इसके विपरीत, इसकी व्यापकता और पहुँच में विस्तार हुआ है । मौजूदा एक ईमेल ब्रोडकास्ट सीरीज के साथ-साथ, और तीन नए दैनिक ईमेल ब्रोडकास्ट श्रृंखला शुरू किए गए। ये सभी सीरीज कार्यस्थल से परे नेतृत्व के लक्षणों को विकसित करने, कर्मचारी की भलाई और नैतिकता को अपनाने पर आधारित थे। इसी तरह, मौजूदा एक साप्ताहिक ब्लॉग के साथ-साथ, और एक नए साप्ताहिक ब्लॉग सीरीज की शुरूआत की गई। नैतिक दृष्टिकोण से प्रमुख कॉरपोरेट विफलताओं को देखने, नैतिक दृष्टिकोण से क्या गलत हुआ, यह जानने के लिए यह एक संक्षिप्त समीक्षा थी। बैंक में आ रहे नए सदस्यों का परिचय बैंक की आचार संहिता से परिचित करने के लिए बैंक के कोड का संक्षिप्त संस्करण, द कोड ऑफ एथिक्स इन ब्रीफ तैयार किया गया। डिजिटल रूप से सफलतापूर्वक प्रमाणित बैंक की आचार संहिता कोड पर एक व्यापक ऑनलाइन प्रमाणन मॉड्यूल इंट्रानेट पर भी डिजाइन और होस्ट किया गया है।

अनुशासन प्रबंधन के क्षेत्र में, आपके बैंक ने एसएमजीएस-V तक के अधिकारियों के लिए केंद्रीकृत अनुशासनात्मक प्राधिकारी (डीए) संरचना का संचालन पूरा कर लिया गया है। यह ढांचा पूरे स्पेक्ट्रम में अनुशासनात्मक मामलों को निपटाने में दृष्टिकोण की एकरूपता लाने के अपने इच्छित उद्देश्य को अच्छी तरह से पूरा कर रहा है। रुकावटों के बीच भी, आपका बैंक नैतिकता, गरिमा-पीओएसएच और अनुशासन प्रबंधन पर वेबिनार सीरीज के माध्यम से नव चयनित परिवीक्षाधीन अधिकारियों, नव पदोन्नत जेएमजीएस- I और परिणाम प्रबंधन सेटअप में काम कर रहे अधिकारियों को शामिल कर लगभग 3000 अधिकारियों तक पहुंचा है। इसके अलावा विभिन्न आंतरिक वर्टिकलों के लिए सदाचार पर आधारित कार्यशालाएं भी आयोजित की गई हैं।

पूर्णता तक की यात्रा धैर्ययुक्त लंबी यात्रा है। आपका बैंक, पहले ही इस दिशा में एक लंबा सफर तय कर चुका है, नैतिक उत्कर्षता प्राप्त करने के लिए अपने लक्ष्य पर उसी जोश और उत्साह के साथ निरंतर आगे बढ़ना चाहता है, जो कि ब्रांड इक्विटी में वृद्धि और निरंतर सफलता के लिए अनुकूल है।